भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1729** जिसका उत्तर

गुरूवार, **11 फरवरी**, 2021/22 माघ, 1942 (शक) को दिया जाना है

छोटे पत्तनों का विकास

†1729. श्री वी. के. श्रीकंदन:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पोतों के द्वारा बढ़े हुए कार्गो परिवहन के लिए देश में छोटे पत्तन विकसित करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की केरल राज्य में ऐसे छोटे पत्तन विकसित करने के लिए कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) सागरमाला परियोजनाएं महापत्तनों और गैर-महापत्तनों की क्षमता बढाने और उन्हें कुशल बनाने के लिए उनका आधुनिकीकरण करने के प्रमुख उद्देश्यों को प्राप्त करने की मंशा रखती है जिससे वे पत्तन आधारित आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के सक्षम हो जाएं। गैर-महापत्तन संबंधित राज्य समुद्री बोर्डो/ राज्य सरकारो के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। तथापि, मंत्रालय, सागरमाला कार्यक्रम के तहत, राज्य सरकार की पत्तन अवसंरचना परियोजनाओं, तटीय बर्थ परियोंजनाओं, सड़क और रेल परियोजनाओं, मत्स्यन बंदरगाहों, कौशल विकास परियोजनाओं, तटीय सामुदायिक विकास, अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रूज टर्मिनल और रो-पैक्स फेरी सेवाओं जैसी अद्वितीय और नवीन परियोजनाओं आदि के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करता है। तटीय राज्यो में शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध (**अनुबंध-I**) में दिया गया है।

(ग) और (घ) केरल राज्य में सागरमाला कार्यक्रम के तहत सहायता हेतु शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध (**अनुबंध-II**) में दिया गया है।

अनुबंध- I

राज्य का नाम	पत्तन आधुनिकीकरण	पत्तन संपर्कता	पत्तन आधारित औद्योगिकीकरण	तटीय सामुदायिक विकास
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	7	-	-	-
आंध्र प्रदेश	2	2	-	4
दमन एवं दीव	2	-	-	-
गोवा	2	2	-	-
गुजरात	3	-	-	4
कर्नाटक	4	-	-	5
केरल	3	-	-	3
महाराष्ट्र	26	3	-	8
ओडिशा	-		-	2
पुदुच्चेरी	1	-	-	-
तमिलनाडु	8	1	-	7
पश्चिम बंगाल	-	6	-	1

अनुबंध- II

परियोजना का नाम	कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी	स्थिति	कुल लागत (करोड़ रू. में)
कोचीन पत्तन न्यास में तटीय तरल टर्मिनल - सीओटी और एनटीबी का नवीनीकरण और क्षमता आवर्धन	कोचीन पत्तन न्यास	परियोजना पूरी हो गई।	19.95
कोल्लम में बहुउद्देशीय तटीय बर्थ का निर्माण	केरला पोर्टस	कार्यान्वयन के अधीन	18.50
केरल में कन्नूर जिले में थलाई पर मत्सयन बंदरगाह का निर्माण	बंदरगाह अभियांत्रिकी विभाग, केरल	परियोजना पूरी हो गई।	34.79
केरल में त्रिशूर जिले में चेट्टुवा पर छोटे मत्सयन बंदरगाह का निर्माण	बंदरगाह अभियांत्रिकी विभाग, केरल	परियोजना पूरी हो गई।	30.24
तटीय जिले कौशल विकास कार्यक्रम- चरण 2- केरल	ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू- जीकेवाई)	कार्यान्वयन के अधीन	4.80
कोचीन पत्तन न्यास में दक्षिण कोयला बर्थ का पुनर्निर्माण	कोचीन पत्तन न्यास	कार्यान्वयन के अधीन	19.19

*****